कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)
(अग्रणी महाविद्यालय)

Phone & Fax – 07762-222966 email-kgcraigarh1958@gmail.com

स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष / सेमेस्टर में प्रवेश संबंधी सूचना
सत्र 2022–23

सत्र 2022–23 में इस महाविद्यालय की स्नातक स्तर की प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर की प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश लेने हेतु विश्वविद्यालयीन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने वाले आवेदकों को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 10 सितंबर 2022 प्रवेश की अंतिम तिथि है , अतः विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों पर पात्र आवेदकों को प्रवेश देने हेतु निम्नानुसार प्रक्रिया संपादित की जाएगी –

(1.) पूर्वान्ह 11 बजे से 2 बजे तक – ऑनलाईन प्रवेश आवेदन की एक प्रति का जमा किया जाना।
(2.) अपरान्ह 3 से 5 बजे तक – नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया।

अतः प्रवेश लेने के इच्छुक आवेदकों को स्पष्ट निर्देश दिया जाता है कि वे दिनांक 10 सितंबर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे अपने ऑनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र की एक प्रति (बिना संलग्नकों के) संबधित प्रवेश प्रभारियों के पास निम्नांकित कक्ष / स्थान पर अनिवार्यतः जमा करें –

1.	बी. ए. भाग एक	– कक्ष क्रमांक – 01
2.	बी. कॉम. भाग एक	– वाणिज्य विभाग
3.	बी. एससी. भाग एक (बायो)	– ~~कक्ष क्रमांक – 01~~ बॉटनी लैब / संबंधित
4.	बी. एससी. भाग एक (गणित)	– कक्ष क्रमांक – 07
5.	बी.सी.ए. भाग एक –	– स्वशासी प्रकोष्ठ
6.	समस्त एम. एससी. प्रथम सेमेस्टर	– संबधित विभाग
7.	एम. ए. अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र	– स्टाफ रूम
8.	एम. ए. अंग्रेजी, भूगोल, संस्कृत	– संबधित विभाग
9.	एम. ए. हिंदी , मनोविज्ञान	– कक्ष क्रमांक – 02
10.	एम. ए. समाजशास्त्र	– स्वशासी प्रकोष्ठ

उपरोक्तानुसार ऑनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र की एक प्रति (बिना संलग्नकों के) जमा करने के पश्चात् सभी आवेदक अपने प्रवेश आवेदन पत्र (आवश्यक प्रपत्र एवं संलग्नकों सहित) के साथ पुनः उसी कक्ष / स्थान पर अपरान्ह 3.00 बजे से अनिवार्यतः उपस्थित रहें ताकि नियमानुसार प्रवेश के पात्र आवेदक तत्काल ही प्रवेश आवेदन पत्र जमा कर, प्रवेश शुल्क जमा करने की अनुमति प्राप्त कर सकें , संबंधित आवेदक के "अनुपस्थित" रहने पर उसकी पात्रता 'तत्काल' ही समाप्त हो जावेगी एवं उसके स्थान पर अन्य पात्र आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा।

(डॉ. पी. बी. बैस)
प्राचार्य
कि0 शास0 कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)
(अग्रणी महाविद्यालय)

प्रवेश आवेदन पत्र के साथ संलग्नकों का क्रम एवं सूची

1. स्वयं की वर्तमान पासपोर्ट साईज फोटो – 1 नग
2. ऑनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र की एक प्रति ।
3. आवेदन शुल्क 50 रू. की जमा रसीद ।
4. कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की अंकसूचियों की सत्यापित छायाप्रतियां ।
5. स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (सी.सी.) की मूल प्रतियां ।
6. प्रवजन (माइग्रेशन) सार्टिफिकेट की छाया प्रति ।
7. जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित फोटो कापी – 1 (आरक्षित वर्ग हेतु अनिवार्य)
8. निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति ।
9. अधिभार (Weightage) संबधी प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज
10. आवश्यकतानुसार अन्य प्रपत्र – विश्वविद्यालय का पात्रता प्रमाण पत्र /गेप सार्टिफिकेट / बी.पी.एल. परिवार आदि....से संबधित प्रमाण पत्र।

(डॉ. पी. बी. बैस)
प्राचार्य
कि0 शास0 कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)